आकाशवाणी चंडीगढ

29 नवम्बर 2025, समय 18:10

## मुख्य समाचार

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना सिर्फ नारा नहीं, बल्कि 21वीं सदी में भारत को अग्रणी आर्थिक शक्ति बनाने का संकल्प है।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

3. भारत मंडपम में सम्पन्न हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा को स्वच्छ मंडप श्रेणी में स्वर्ण पदक मिला।

4. हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से भारतीय उत्पादों को अपनाने की अपील की।

5. अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत आज पुरुषोत्तमपुरा बाग में संत सम्मेलन शुरू हुआ।

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल नारा नहीं, बल्कि 21वीं सदी में भारत को अग्रणी आर्थिक शक्ति बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में आयोजित आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन से प्राप्त विचार–मंथन 'विकसित भारत–विकसित हरियाणा' के लक्ष्य को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने और 2030 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने स्वदेशी पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सार उद्योग, कृषि, शिक्षा, कौशल, तकनीक और व्यापार में स्वावलंबन है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताए पाँच स्तंभ आज राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। हरियाणा इन सभी स्तंभों को सुदृढ़ करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। कृषि क्षेत्र पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा ने देश को खाद्यान आत्मनिर्भरता दिलाने

में अग्रणी भूमिका निभाई है और राज्य अब विविधीकरण, दलहन–तिलहन उत्पादन को बढ़ावा दे रहा है। उद्योग क्षेत्र में 'हरियाणा आत्मनिर्भर पोर्टल' उद्यमियों को योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध करा रहा है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिवक्ताओं और उपस्थित जन–प्रतिनिधियों से यह आह्वान किया कि वे 1 दिसंबर को प्रातः 11 बजे एक साथ एक मिनट का गीता–पाठ कर गीता जयंती के इस पावन पर्व से स्वयं को जोड़ें और समाज में धर्म, कर्तव्य तथा राष्ट्र निर्माण के संदेश का प्रसार करें।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा

करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑन एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

*********************************************************************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्पन्न हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा को स्वच्छ मंडप श्रेणी में स्वर्ण पदक मिला है। व्यापार मेले में अलग-अलग श्रेणियों में पदक दिए गए हैं। हरियाणा मंडप के निदेशक अनिल चौधरी ने बताया कि 14 नवंबर से 27 नवंबर तक 14 दिन तक चले इस 44 वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा पवेलियन लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पवेलियन में हरियाणवी संस्कृति, नवाचार और प्रदेश के विकास की झलक देखने को मिली । मेले के समापन के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा पवेलियन ने स्वच्छ मंडप में स्वर्ण पदक मिला। उन्होंने इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्य प्रशासक श्यामल मिश्रा व प्रशासक विनय प्रताप सिंह का धन्यवाद किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्वदेशी अपनाओ और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन का दौरा किया।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्टेशन परिसर में यात्रियों और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर भारतीय उत्पादों को अपनाने की अपील की। उन्होंने स्टेशन पर स्वदेशी अपनाओ से जुड़े जागरूकता स्टिकर भी लगाए, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित हों। श्री नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बने। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देनी होगी और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करनी होगी।

***********************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष में कुरुक्षेत्र के पुरुषोत्तमपुरा बाग में आज संत सम्मेलन शुरू हुआ। जिसमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मुख्य रूप से शिरकत की।

सम्मेलन में देश के कोने-कोने से भाग ले रहे हैं।जिसमें मुख्य रूप से गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज,संत अवधेशानंद जी महाराज, संत सुधांशु जी महाराज, महामंडलेश्वर सहित अनेक संत शामिल हैं। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज व संतों ने दीप प्रज्वलित कर एवं श्रीमद् भागवत गीता पर पुष्प अर्पित कर संत सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गीता जयंती महोत्सव का धीरे-धीरे स्वरूप बढ़ रहा है। पहले सिर्फ यह कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम होता था लेकिन अब देश के कोने-कोने सहित विदेशों में भी अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम हो रहे हैं।

***********************************************************************

भिवानी में आज तीन दिवसीय गीता जयंती समारोह का आगाज हुआ। सांसद धर्मबीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री धर्मबीर सिंह ने कहा कि गीता का उपदेश विश्व में सुख, शांति व समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने कहा

कि गीता एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं सामाजिक सीख देने का माध्यम भी है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर भी जोर दिया।

सांसद ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह का बेहतर प्रयास देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

*********************************************************************

फरीदाबाद में आज तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की जबकि हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भी विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं।

समारोह की शुरुआत विधिवत यज्ञ-हवन से हुई, जिसमें सभी अतिथियों ने भाग लेकर गीता के पवित्र संदेश का पाठ किया। कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी में गीता के अध्यायों और उनके जीवन-मूल्यों को दर्शाती चित्र-प्रस्तुतियों ने सभी को आकर्षित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा ने कहा, कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन करने वाला शाश्वत ज्ञान है।

*********************************************************************